भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी की जयंती

भारतीय जनता पार्टी
कासगंज (ब्रज क्षेत्र उ.प्र.)
भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री
श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी
की जन्म जयंती पर
संगोष्ठी
सुशासन दिवस
भारतीय जनता पार्टी, जिला– कासगंज

कासगंज। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। जिले के प्रत्येक बूथ पर सुशासन दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिला कार्यालय पर भी विचार गोष्ठी व कार्यक्रम हुआ।

बता दे कि भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर भारद्वाज रहे। सभी कार्यकताओं ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके पुष्प अर्पित किए। मुख्य वक्ता ब्रजबहादुर भारद्वाज ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सुशासन कार्यो के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि अटल बिहारी बाजपेयी को एक ऐसे नेता के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने विपरीत विचारधारा के लोगों को भी साथ लिया और गठबंधन सरकार बनाई। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की वह आलोचना तो करते ही थे, साथ ही अपनी आलोचना सुनने का भी साहस रखते थे। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने भी भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने हिंदी को विश्वस्तर पर मान दिलाने के लिए प्रयास किए। सांसद राजवीर सिंह राजू भैया भी कासगंज से गुजरते समय कुछ देर जिला कार्यालय पर ठहरे और कार्यक्रम में शामिल होकर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। मंचासीन गौरीशंकर शर्मा, नवल कुलश्रेष्ठ, डा. केत सिंह वर्मा, नीरज शर्मा, राजवीर सिंह भल्ला, अनिल पुंढीर, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र बोहरे, रूप किशोर कुशवाह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय सोलंकी ने किया। इस दौरान सतेंद्र कश्यप, रामनिवास राजपूत, उत्तम चंद्र पाथरे, कोशल साहू, कृष्णकांत वशिष्ठ, ब्रजेश वर्मा, राकेश अग्रवाल, अनुरोध प्रताप सिंह, डा. आदर्श मोहन राठी, डा. मिथलेश राणा, नीतू सिंह, केपी सिंह, जितेंद्र बघेल, विष्णुदेव पाठक, गौरव गुप्ता, शरद गुप्ता, नीतू सिंह, रविन्द्र लोधी, संपूणार्नद भारद्वाज,बिनोद गुप्ता बॉबी, शांतनु चौधरी, डा. शैलेन्द्र यदुवंशी, मनोज शर्मा, एसबी सिंह, सर्वेश दुवे, कुलदीप प्रतिहार, हरि सिंह बघेल, प्रदीप चौहान, विकास अवस्थी, हिमांशु उपाध्याय, यतेंद्र गौतम, प्रतीक माहेश्वरी, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

नागा साधुओ ने बेंड बाजो से साथ धूमधाम से निकाली शाही सवारी

शाही सवारी देखने के लिए तीर्थ नगरी में उमड़ी लोगो की भीड़

कासगंज। तीर्थ नगरी सोरों में सोमवार को नागा साधुओं की परंपरागत शाही सवारी निकाली गई। दूरस्थ प्रांतों से आए साधुओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को आश्चर्यचकित किया। शाही सवारी देखने के लिए कस्बे के अलावा आसपास गांव के लोग पहुंचे। दिन भर आकर्षण बना रहा। माहौल भक्तिमय दिखाई दिया।

हरिपदी गंगाघाट पर स्थित शंभू पंचनाम अखाड़ा नागालैंड पर पूर्व संध्या से ही नागा साधुओं का जमावाड़ा था। देश भर से आए नागा साधुओं ने शाही सवारी की तैयारियां की थी। नागालैंड अखाड़े से वराह भगवान मंदिर के महामंडलेश्वर अशोतोषानंद गिरि एवं महंत विदेहांद गिरि ने शंखनाद के साथ प्रारंभ किया। नागा साधुओं की सवारी मुहल्ला चक्रतीर्थ, बारू बाजार, मोहल्ला चैसठ, हनुमानगढ़ी, मुहल्ला बड़ा बाजार, कायस्थान, रामसिंहपुरा, लहरा रोड़, रामलाल चैराहा, अनाज मंड़ी, चंदन चैक, रामेश्वर घाट, तुलसी नगर बदरिया से होती हुई नागालैंड आश्रम पर संपन्न हुई। नागाओं की शाही सवारी देखने के लिए आसपास के गांव से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। नागाओं द्वारा दिखाए जा रहे हैरतअंगेज करतब लोगों को आश्चर्यचकित कर रहे थे। शाही सवारी में उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली के अलावा अलीगढ़, आगरा, चंदौसी, अल्मोडा, उत्तराखंड, फरुर्खाबाद से पहुंचे सैकड़ों साधुओं ने भाग लिया।

चिलम चढ़ाने परंपरा का किया गया निर्वहन

कासगंज। गंगा स्नान के बाद स्वर्गीय नागा काशी गिरि की समाधि पर नागाओं द्वारा चिलम चढ़ाने की परंपरा है। इस परंपरा के निर्वहन के लिए नागा साधू स्नान के बाद स्वर्गीय नागा काशी गिरि महाराज समाधि पर पहुंचे जहां नागा साधुओं ने चिलम चढ़ाने की परंपरा का निर्वहन किया।

लोगों ने बरसाए फूल, नागा बाबाओं का किया स्वागत

कासगंज। नागा साधुओं की शाही सवारी का कस्बे में भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर शाही सवारी का स्वागत किया। नागाओं द्वारा दिखाए जा रहे। हैरतअंगेज करतब लोगों के बीच चर्चा का विषय रहे। पुष्पवर्षा कर रहे लोगों का नागा साधू अभिवादन भी कर रहे थे। तमाम श्रद्धालुओं ने नागा बाबाओं को पुष्पहार पहनाएं। मेवा का दूध एवं पान, जलेबी खिलाकर अभिनंदन किया।25ॅ२05ॅ.स्रॅ

Form No.5
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
9/2-A Panna Lal Road Allahabad
(Areas of Jurisdiction, Part of Uttar Pradesh)
SUMMONS FOR FILING REPLY & APPEARANCE BY PUBLICATION

TA No. 178/2018 Dated:-05.12.2023

(Summons to defendant under Section 19(4) of the Recovery of debts due to Banks and Financial Institution Act 1993 read with rules 12 and 13 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure Rules 1993)

TA No.178/2018
UCO BANK
....Applicant
VERSUS
Udit Agarwal
....Defendant

To,

1. **Udit Agarwal** S/o Shri Pramod Kumar Agarwal R/o B-9, Balaji Puram, Shahganj Agra

Second Address : Ram Nagar, Kotia Road, Firozabad

In the above noted application, you are required to file reply/ evidence in Paper Book form in Two sets along with documents and affidavits (if any) personally or through your duly authorized agent or legal practitioner in this Tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel/duly authorized agent after publication of the summons and thereafter to appear before the Tribunal on **23.01.2024** at 10.30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

REGISTRAR
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
ALLAHABAD

क्रिसमस डे पर नवप्रवेसित विधार्थियों का फेशर पार्टी का आयोजन

KALAWATI NURSING &
PARAMEDICAL INSTITUTE
KASGANJ
मंशा
Annual Day &
Fresher Party
SAPPHIRE

कासगंज। मथुरा बरेली हाइवे स्थित गोरहा में संचालित कलावती नर्सिंग एंड पेरामेडिकल इंस्टीट्यूट में क्रिसमस डे के मौके पर सोमवार को वार्षिकोत्सव और नवप्रवेसित विधार्थियों का फेशर पार्टी का आयोजन हुआ। बैठक में नर्सिंग की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस मौके पर अतिथियों और संस्था के डायरेक्टर डा.नवीन चंद्र गौड ने आउट पास हुए जीएन एम, एएनएम के विधार्थियों को देश के विभिन्न अस्पतालों में नियुक्ति करने के बारे में जानकारी दी। बता दे कि कलावती नर्सिंग एंड पेरामेडिकल इंस्टीट्यूट में क्रिसमस डे के मौके पर सोमवार को वार्षिकोत्सव और नवप्रवेसित विधार्थियों का फेशर पार्टी का शुभारंभ संस्था के डायरेक्टर नवीन चंद्र गौड ने अतिथियों के पूजन अर्चन और गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ। संस्था के डायरेक्टर डा.नवीन चंद्र गौड़ ने सभी नवप्रवेसित विधार्थियों को कठिन परिश्रम लगन के साथ पढ़कर नर्सिंग क्षेत्र में सेवा ईमानदारी से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। संस्था की सचिव नीलम गौड़, मगन माहेश्वरी, मीनू माहेश्वरी, सीमा अग्रवाल ने कार्यक्रम संबोधित किया।बीती वर्ष स्पोर्ट्स, शैक्षिक क्षेत्र में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों को मोमेंट और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इंस्टीट्यूट के लेक्चरार लोकेंद्र ने विधार्थियों को बताया कि बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम और पेरामेडिकल के पास आउट विधार्थियों को अच्छे पैकेज पर देश के विभिन्न अस्पतालों में नियुक्ति हुई है। छह वर्षो से लगातार विधार्थी सेवाएं दे रहे हैं। पटना से आए पूर्व एचआर रोहिताश ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट कर स्वागत किया। इंस्टीट्यूट के प्रशासनिक अधिकारी प्रोफेसर डा.पवन कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त कर स्वागत किया। इस मौके पर रोहिताश सिंह, संजय माहेश्वरी, लोकेश शर्मा, नेहा राजपूत, प्रिया वर्मा, नवल किशोर, धर्मसिंह, संगम राजपूत, नेहा मौर्या, पूजा साहू, खुशबू वार्ष्णेय, छत्रपाल साहू, शिवम कुमार, शीतल पचौरी, सुखबीर सिंह, सौम्या पाल, प्रियंका, शिवांक,ज्योति, अनिल, बीना, भरत पाल, अंकित, लिया गार्डन, हरिओम, अरूण कुमार, आरपी भारद्वाज, गोपाल श्री वास्तव, शिवम,प्रवेश, निहाल मौजूद रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अशोक कुमार पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी-मौजा वदरिया कस्बा व थाना सोरों जनपद का निवासी हूं, मेरे उपरोक्त निवास पर कोई दूसरा व्यक्ति निवास नहीं करता। मेरी पत्नी गीता से तीन पुत्रियां पैदा हुई रूबी, प्रीती और छाया है, मेरा कोई पुत्र नहीं है। मेरी पुत्री छाया ने अब से करीब 2 माह पूर्व घर से भागकर किसी अज्ञात व्यक्ति से शादी कर ली है। छाया कहीं अज्ञात स्थान पर रह रही है, तथा गलत सोहबत में पड़ गई है। मेरा और मेरी पत्नी गीता तथा पुत्रियां रूबी और प्रीती से उसका कोई सम्बंध नहीं है। मैं अपनी पुत्री छाया को अपने मकान-प्लाट, खेत आदि और समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद छाया का मेरी चल-अचल सम्पत्ति से कोई वास्ता नहीं है और ना ही उसे कोई हिस्सा मिलेगा। यह गजट किसी भी कानूनी कार्रवाई में काम आवे।

अशोक कुमार पुत्र मथुरा प्रसाद

DEBTS RECOVERY TRIBUNAL ALLAHABAD
9/2A, Panna Lal Road, Allahabad
Summons for filing Reply & Appearance by Publication

Dated:- 30.11.2023

(Summons to defendant through Publication under Section 19(3) of the Recovery of debts due to Bank and Financial Institution Act 1993 read with rules 12 and 13 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure Rules, 1993)

Original Application No. 583 of 2023
UCO BANK
VERSUS
Satish Chand & another

To,

1. **Satish Chand S/o Ramswaroop Rathore,** R/o 364/4, Mahavir Nagar, Gali No. 7, Firozabad - 283203
2. **Vikram Rathore S/o Satish Chand,** R/o 364/4, Mahavir Nagar, Gali No. 7, Firozabad - 283203

In the above noted application, you are required to file reply in Paper Book form in Two sets along with documents and affidavits (if any) personally or through your duly authorized agent or legal practitioner in this Tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel/duly authorized agent after publication of the summons and thereafter to appear before the Tribunal on **23.01.2024** at 10.30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

REGISTRAR
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
ALLAHABAD

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालयः—आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी–कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट) मुम्बई –400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालयः–भूतल, 104/438,पी.रोड, सिसामऊ,रामबाग चौराहा,कानपुर–208012

(देखें–नियम–8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स–2002 के नियम–8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट–2002 के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना।

एतदद्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का ***भौतिक कब्जा*** ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/ गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	सुधीर कुमार (कर्जदार) मानपाल सिंह (सह–कर्जदार) प्रेमवती सिंह (गारंटर) ऋण खाता संख्या NHKGJ00000858544	संजय नगर मौजा चोचाबन परगना एटा साकेत तहसील एटा, एटा पालिका नं०– 36025 एटा उत्तर प्रदेश–207001	रू. 20,18,009/– 15 दिसम्बर 2023	रू. 22,29,395/– रू. 2,22,940/–	03 जनवरी 2024 पूर्वान्ह–11.00 बजे अपरान्ह–03.00 बजे	12 जनवरी 2024 अपरान्ह–2.00 बजे अपरान्ह– 03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ***ग्लोब टेक*** के वेबसाइट (**URL Link-/https:// BestAuctionDeal.com**) हमारी एक्शन एजेंसी टाइगर पर संचालित की जायेगी/ बंधक कर्ताओं को **11 जनवरी,2024** तथा **अपराह्न–5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड भूतल, 104/438**,पी.रोड, सिसामऊ,रामबाग **चौराहा,कानपुर–208012** पर **11 जनवरी,2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड भूतल, 104/ 438**,पी.रोड, सिसामऊ,रामबाग चौराहा,कानपुर–208012 पर **11 जनवरी,2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड–आक्शन के पक्ष में **एटा** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**–स्थान **एटा** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **9920807300** पर सम्पर्क करे **व सेल्स और मार्केटिंग पार्टनर नेक्सन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड।**

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांकः 26 दिसम्बर 2023
स्थानः एटा

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्ध (सिकन्दरा)
ऑफिस कॉम्पलैक्स प्रथमतल सेक्टर–13
सिकन्दरा योजना, आगरा

पत्रांक-1973/स0प्र0-सिक0आगरा/दिनांक 07.12.23

सर्वसाधारण सूचना को/नोटिस

परिषद की सिकन्दरा योजना आगरा के अन्तर्गत दुर्बल आय वर्ग भवन सं0–1094 सेक्टर–10 श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री शिवचरन लाल निवासी–31/215 कटघर पुराना रेलवे स्टेशन राजामण्डी आगरा के पक्ष में इस कार्यालय के प्रदेशन पत्र संख्या–2676 दिनांक 31.08.1992 के द्वारा आवंटित हुआ था। आवंटी द्वारा औपचारिकताओं की पूर्ति कर इस कार्यालय के पत्रांक–2478 दिनांक 26.03.1993 को भौतिक कब्जा प्रदत्त करने हेतु अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–28 आगरा को पत्र प्रेषित किया गया। अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–28 आगरा द्वारा उक्त भवन का भौतिक कब्जा आवंटी को दिनांक 31.12.1993 को हस्तगत किया गया।श्री शिवचरन लाल पुत्र श्री लालाराम निवासी–436 सेक्टर–4बी आवास विकास कालोनी सिकन्दरा योजना आगरा ने अपने प्रार्थनापत्र दिनांक 14.10.2022 के द्वारा कार्यालय को सूचित किया है कि उनकी पत्नी स्व0 श्रीमती राजकुमारी की दिनांक 13.01.2009 को मृत्यु हो गयी है तथा मृत्यु उपरांत उक्त सम्पत्ति के अंतरण हेतु, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति, रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर इन्डेमिनिटी बाण्ड, रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र, परिचय पत्र प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति को अपने पक्ष में नामांतरण हेतु अनुरोध किया है।उक्त नामांतरण करने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय द्वारा निर्गत नोटिस की तिथि के 30 दिन के अन्दर कार्यालय को लिखित रूप में सूचित करें अन्यथा परिषद नियमानुसार उक्त सम्पत्ति का नामांतरण श्री शिवचरन लाल पुत्र श्री लालाराम निवासी–436 सेक्टर–4बी आवास विकास कालोनी सिकन्दरा योजना आगरा के पक्ष में कर दिया जायेगा। अंतरण के उपरांत यदि कोई वाद–विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगी। नामांतरण हेतु आभारकर्ता स्वयं उत्तरदायी होंगी।

(राजेन्द्र कुमार)सम्पत्ति प्रबंधक

कार्यालय ग्राम पंचायत भटौली, वि0ख0 अकराबाद (अलीगढ़)

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत भटौली विकास खंड अकराबाद में राज्य वित्त आयोग / 15वां वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2023–24 में कार्ययोजना अनुसार निम्न कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म मूल्य देकर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम (स्थल विवरण सहित)	अनुमानित लागत रूपये में	निविदा फार्म का मूल्य	कार्य की अवधि
01	ग्राम पंचायत भटौली में पीताम्बर के घर से योगेन्द्र के घर तक यू टाइप नाली निर्माण कार्य।	472571.00	500.00	30 दिन

नियम एवं शर्तेः–

(1). निविदादाता का अलीगढ के किसी भी निर्माण विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। (2). निविदा के साथ में पंजीकरण / आयकर / बिक्रीकर आदि प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। (3.) निविदा के साथ धरोहर धनराशि की एफडीआर लगाना अनिवार्य है। (4). टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यायल से दिनांक 26.12.23 से दिनांक 01.01.24 तक प्राप्त 10:00 बजे से 02:00 बजे तक कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। (5). निविदा दिनांक 03.01.24 को अपरान्हः 01:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जायेगी और उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे समिति के समक्ष खोले जायेगे। (6). निविदा स्वीकृत करने के पश्चात निविदादाता को कार्य ससमय समाप्त करना होगा अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। (7). निविदा स्वीकृत होने के 07 दिवस के भीतर शासनादेश के अनुपालन में न्यून दरों वाले निविदा दाताओं से अतिरिक्त परफॉमेन्स सिक्योरिटी राशि एफ0डी0आर0 ग्राम पंचायत अधिकारी के पक्ष में बंधक कराकर कार्यालय में जमा करना पडैगा। ऐसा नहीं करने पर 02 नंबर के ठेकेदार को मौका दे दिया जाएगा एवं 01 नंबर के ठेकेदार का जमानत राशि जब्त कर लिया जाएगा। निविदा स्वीकृत करने एवं निरस्त करने का पूर्व अधिकार समिति का होगा। (8)अन्य नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से सपंर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भटौली
वि0ख0 अकराबाद, अलीगढ़

पत्रांकः–मीमो / निविदा / 2023–24
दिनांक 25.12.2023

सचिव
ग्राम पंचायत भटौली
वि0ख0 अकराबाद, अलीगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत-नगला हरी विकास खण्ड राया (मथुरा)

पत्रांकः- मीमो /पंचम/15वां वित्त/ 2023-24 दिनांकः- 24/12/2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम/15वां वित्त/ ग्राम पंचायत नगला हरी विकाश खण्ड राया से निम्न निर्माण कार्य हेतु लो०नि०वि०/आयकर व्यापारकर एवं श्रम विभाग मे समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ता एवं ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है | निविदा दिनांक 26/12/2023से 31/12/2023 समय 12:00 बजे तक बिक्री की जायेगी| जो निविदा 31/12/2023 को समय 02:00 बजे जमा की जायेगी तथा 04:00 बजे निविदादाताओ /उनके प्रतिनिधियो के समक्ष खोली जाएंगी| निविदा कार्य दिवस मे ग्राम पंचायत कार्यालय नगला हरी से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है|

कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु0 लाख मे	धरोहर जमानत धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	ग्राम पंचायत नगला हरी मे नाहर के घर से पोखर तक नाली निर्माण कार्य	3.14	2%	200	15 दिन

निविदा का शर्ते - 1. निविदा प्रपत्र के साथ दो प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद / एफ०डी०आर० ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम से बन्धक बनाकर जमा करनी होगी। 2. निविदा में प्रस्तुत दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भाडा, मजदूरी, लोडिंग, अनलोडिंग चार्ज देय नहीं होगा। 3. निविदा के साथ फर्म रजि० आयकर, जी०एस०टी० की छाया प्रति लगानी होगी, 4. निविदा प्रपत्र के साथ 100, रू० का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर, एक रसीदी टिकिटों के साथ देना होगा। 5. निविदा प्रपत्र में आपूर्ति की गयी सामिग्री के बिल का भुगतान सामिग्री की गुडवक्ता की पुष्टि एवं मापांकन के बाद किया जायेगा। 6. निविदा स्वीकृति / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा। 7. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मथुरा न्यायालय होगा।

हरेन्द्र
ग्राम प्रधान

विनेन्द्र पाल
ग्राम प्रधान

कार्यालय ग्राम पंचायत-कारब विकास खण्ड राया (मथुरा)

पत्रांकः- मीमो /पंचम/15वां वित्त/ 2023-24 दिनांकः- 24/12/2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम/15वां वित्त/ ग्राम पंचायत कारब विकाश खण्ड राया से निम्न निर्माण कार्य हेतु लो०नि०वि०/आयकर व्यापारकर एवं श्रम विभाग मे समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ता एवं ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है | निविदा दिनांक 26/12/2023से 31/12/2023 समय 12:00 बजे तक बिक्री की जायेगी| जो निविदा 31/12/2023 को समय 02:00 बजे जमा की जायेगी तथा 04:00 बजे निविदादाताओ /उनके प्रतिनिधियो के समक्ष खोली जाएंगी| निविदा कार्य दिवस मे ग्राम पंचायत कार्यालय कारब से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है|

कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु0 लाख मे	धरोहर जमानत धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	ग्राम पंचायत कारब (अड्डा) मे चौधरी चिरंजी लाल कॉलेज से एस एस हॉस्पिटल तक इंटरलोकिंग निर्माण कार्य	5.72	2%	300	15 दिन
2	ग्राम पंचायत कारब मे सुरेश बाबू जी के घर से मनीष के घर तक इंटरलोकिंग व नाली निर्माण कार्य	3.27	2%	200	15 दिन

निविदा का शर्ते - 1. निविदा प्रपत्र के साथ दो प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद / एफ०डी०आर० ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम से बन्धक बनाकर जमा करनी होगी। 2. निविदा में प्रस्तुत दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भाडा, मजदूरी, लोडिंग, अनलोडिंग चार्ज देय नहीं होगा। 3. निविदा के साथ फर्म रजि० आयकर, जी०एस०टी० की छाया प्रति लगानी होगी, 4. निविदा प्रपत्र के साथ 100, रू० का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर, एक रसीदी टिकिटों के साथ देना होगा। 5. निविदा प्रपत्र में आपूर्ति की गयी सामिग्री के बिल का भुगतान सामिग्री की गुडवक्ता की पुष्टि एवं मापांकन के बाद किया जायेगा। 6. निविदा स्वीकृति / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा। 7. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मथुरा न्यायालय होगा।

शशि चौधरी
ग्राम प्रधान

विनेन्द्र पाल
ग्राम प्रधान